FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

---

## प्रेस नोट थाना रामगढ़ दिनांक 03-07-2026 जनपद फिरोजाबाद ।

**अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना रामगढ़ पुलिस व एसओजी / सर्विलांस टीम द्वारा दिनाँक 02-07-2026 को हत्या की घटना कारित करने वाले अभियुक्त समीर उर्फ अत्तू को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गिरफ्तार ।**

दिनांक 03.07.2026 को वादी द्वारा थाना रामगढ़ पर लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 02-07-2026 को समय करीब 20.30 बजे वादी के भतीजे दाउजी उर्फ देवेश की ससुरालीजन द्वारा मारपीट कर हत्या कर दी। वादी की तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 405/2026 धारा 103(1)/65(1)/115(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना रामगढ़ पुलिस व एसओजी / सर्विलांस टीम द्वारा आज दिनाँक 03-07-2026 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभियुक्त समीर उर्फ अत्तू हसमतनगर गढ्ढे के पास थाना क्षेत्र रामगढ़ में छिपे छुपाये घूम रहा है तथा कहीं भागने की फिराक में है। पुलिस टीम द्वारा हसमतनगर गढ्ढे के पास दबिश दी गयी जिसमें पुलिस को नजदीक आता हुआ देखकर अभियुक्त समीर उर्फ अत्तू द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम के ऊपर फायर कर दिया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया । घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व 01 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त की पहचान थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 405/2026 धारा 103(1)/65(1)/115(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है। अन्य अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–**

01- समीर उर्फ अत्तू पुत्र हुसैन मौहम्मद निवासी मौहल्ला छपरिया बिलाल मस्जिद के पास थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

## अभियुक्त से बरामदगी का विवरण-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 खोखा करातूस 315 बोर।
3. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर ।

## अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1-मु0अ0सं0 506/23 धारा 323/504/506 भादवि थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद

2- मु0अ0स0 405/2026 धारा 103(1)/65(1)/115(2) बीएनएस थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. निरीक्षक श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस मय टीम।
2. व0उ0नि0 प्रशान्त माठा थाना रामगढ फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 अकरम एसओजी मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 रोहित तोमर थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 अचल कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 670 मोहन श्याम थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
8. है0का0 363 योगेश कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद
9. का0 144 शुभम तेवतिया थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।